प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 07.03.2020

यातायात पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम'' के अन्तर्गत आज दिनांक 07.03.2020 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर के MBBS तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को श्री चैनसिंह महैचा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात जोधपुर के नेतृत्व में यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिंह हैडकानिस्टेबल 1201 द्वारा मौखिक एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

इसी क्रम में इंडस टावर लिमिटेड जोधपुर के पाली, जोधपुर व जैसलमेर के अधिकारियों/कर्मचारियों व उनके परिवारजनों हेतु मरूगढ पैलेस चौपासनी रोड़ जोधपुर में यातायात शिक्षा,जागरूकता व जनसहभागिता कार्यक्रम का आयोजन कर मौखिक व पीपीटी के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री चैनसिंह महैचा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात द्वारा विशेष तौर से सड़क दुर्घटना के दौरान की जाने वाली त्वरित कार्यवाही, गुड सैमेरिटन (अच्छे मददगार) घायल व्यक्ति की मदद के दौरान उच्चतम न्यायालय की गाईडलाईन की जानकारी दी।एक युवा नागरिक का अपने परिवार, समाज एवं देश में योगदान एवं महत्व की जानकारी दी। 21वीं सदी के राष्ट्र निर्माण का भार युवाओं के कन्धों पर हैं। विश्व पटल पर सड़क दुर्घटनाएं प्राकृतिक आपदा के रूप में दिनों-दिन बढती जा रही है। संयुक्त राष्ट्रसंघ का मिशन ''डिकेट ऑफ एक्शन फॉर रोड़ सेफ्टी'' का अपने देश के परिपेक्ष्य में सन् 2020 तक 50 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हैं। यातायात पुलिस जोधपुर द्वारा यातायात समस्या सम्बन्धी समाधान हेतु जारी तकनीकी जैसे फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सऐप व टेलिफोन नम्बार की जानकारी दी। उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित सभी स्टाफ, विद्यार्थीगण एवं इंडस टावर लिमिटेड के कर्मचारियों को यातायात नियमों के पैम्पलेट व पोस्टर वितरण किये।

कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर के कम्युनिटी मेडिसिन एवं फैमिली मेडिसिन विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. नीति रूस्तगी एवं इंडस टावर लिमिटेट जोधपुर के सी.ई.ओ. श्री दिनेश अरोड़ा व ओ.एस.डी. सेवानिवृत अति.पुलिस अधीक्षक श्री भगवानसिंह द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमो की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओर से
(चैनसिंह महैचा)
सहायक पुलिस आयुक्त
याातायात, पश्चिम
जोधपुर

CONNECT
CLUSTER
GROUP
HERO

CT
GROUP
HERO